# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2022-23

## सामान्य हिन्दी

**समय 3 घण्टे** **कक्षा-12** **पूर्णांक- 100**

खण्ड - ( क )

1. हिन्दी गद्य साहित्य के इतिहास पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(क) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है-

(अ) परीक्षा-गुरु (ब) गोदान (स) गुनाहों का देवता (द) चित्रलेखा

(ख) 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम सम्पादक थे-

(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना (स) जयशंकर प्रसाद (द) प्रताप नारायण मिश्र

(ग) 'चिन्तामणि' निबन्ध संग्रह के रचनाकार हैं-

(अ) मुंशी प्रेमचन्द (ब) श्यामसुन्दर दास (स) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (द) गुलाबराय

(घ) उपन्यास - विधा पर आधारित रचना है-

(अ) स्कन्दगुप्त (ब) गोदान (स) अशोक के फूल (द) चिन्तामणि

(ङ) 'हंस' नामक पत्रिका के सम्पादक थे-

(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (स) मुंशी प्रेमचन्द्र (द) प्रताप नारायण मिश्र

2. हिन्दी काव्य के इतिहास पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(क) किस कवि को 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित किया गया ?

(अ) रामकुमार वर्मा को (ब) मैथिलीशरण गुप्त (स) सुमित्रानन्दन पन्त को (द) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को

ख) 'रश्मि' काव्य-संग्रह लिखा है-

(अ) दिनकर (ब) जगन्नाथदास 'दिनकर' (स) मैथिलीशरण गुप्त (द) महादेवी वर्मा

(ग) 'चुभते चौपदे' के रचनाकार हैं-

(अ) सुमित्रानन्दन पन्त (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (स) मैथिलीशरण गुप्त (द) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(घ) 'अष्टछाप' के कवियों का सम्बन्ध भक्तिकाल की किस शाखा से है?

(अ) ज्ञानाश्रयी शाखा (ब) प्रेमाश्रयी शाखा (स) कृष्णभक्ति शाखा (द) रामभक्ति शाखा

(ङ) 'आँसू' के रचनाकार हैं-

(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ब) मैथिलीशरण गुप्त (स) महादेवी वर्मा (द) जयशंकर प्रसाद

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

मातृभूमि पर निवास करने वाले मनुष्य राष्ट्र का दूसरा अंग हैं। पृथिवी हो और मनुष्य न हो तो राष्ट्र की कल्पना असम्भव है। पृथिवी और जन; दोनों के सम्मिलन से ही राष्ट्र का स्वरूप सम्पादित होता है। जन के कारण ही पृथिवी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है। पृथिवी माता है और जन सच्चे अर्थों में पृथिवी के पुत्र हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये

(ग) राष्ट्र की कल्पना कब असाधन है।

(घ) पृथिवी और जनः दोन मिलकर क्या बनाते हैं?

(ङ) पृथिवी कब मातृभूमि की यज्ञा प्राप्त करती है?

अथवा

<u>कहते हैं, दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ बघता है। बाकी को फेंककर आगे बढ़ जाती है</u>। शायद अशोक से उसका स्वार्थ नहीं सधा। क्यों उसे वह याद रखती? माग संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) अशोक को विस्मृत करने का आधार किसे माना गया है?

घ) लेखक ने दुनिया का किस तरह का व्यवहार बताया

(ङ) स्वार्थ का अखाड़ा किसे कहा गया है?

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

लज्जाशील पथिक महिला जो कहीं दृष्टि आय होने देना विकृत वसना ना न तू सुन्दरी को ।। जो थोडी भी श्रमित वह हो गोद से श्रान्ति खाना। होंठों की और कमल मुख की म्लानतायें मिटाना ।। कोई क्लान्ता कृषक-खलना खेत में जो दिखावे। धीरे-धीरे परस उसकी स्वान्तियों को मिटाना। जाता कोई जन्नद यदि व्योम में तो उसे ना। छाया द्वारा मुस्खित करतात भूतांगना को ।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राधा पवन दूतिका से राह में पथिकों के साथ कैसा व्यवहार करने को कहती है?

(घ) राधा ने पवन- दूतिकों को पथिक कृषक- स्त्री के ऊपर किसके द्वारा छाया करने को कहा है?

(ङ) श्रीकृष्ण के वियोग में दुःखी राधा किसे अपनी दूतिका बनाकर श्रीकृष्ण के पास संदेश भेज रही है?

अथवा

निजजन्म जन्म में सुने जीव यह मेरा- धिक्कार ! उसे था महास्वार्थ ने घेरा।- " सौ बार धन्य वह एक लाल की माई, जिस जननी ने है जना भरत-सा भाई । " पागल सी प्रभु के साथ सभा चिल्लाई " सौ बार धन्य वह एक लाल की माई।'

(क) उपर्युक्त पद्यांश के शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) कैकेयी स्वयं को धिक्कारती हुई क्या कहती है?

(घ) कैकेयी के प्रायश्चित के उपरान्त श्रीराम उनसे क्या कहते हैं?

(ङ) प्रभु राम के साथ कैकेसी के अपराध का अपमार्जन करती हुई सभा क्या चिल्ला उठी?

5 (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए- https://www.upboardonline.com

(अ) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ब) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए-

(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ब) मैथिलीशरण गुप्त (स) जयशंकर प्रसाद

6. 'पंचलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी का सारांश लिखिए।

7. श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के 'अयोध्या सर्ग' की कथावस्तु लिखिए।

अथवा

'श्रवण कुमार' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

खण्ड - ( ख )

8. (क) दिए गए संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

संस्कृतसाहित्यस्य आदिकवि वाल्मीकि, महर्षिव्यासः, : कवि कुलगुरुः कालिदासः अन्ये च भास भारवि- भवभत्यादयो महाकवयः स्वकीयैः ग्रन्थरत्नैः अद्यापि पाठकानां हृदि विराजन्ते । इयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च यतो भारतमातुः स्वातन्त्र्यं, गौरवं, अखण्डत्वं सांस्कृतिमेकत्वञ्च संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते ।

अथवा

याज्ञवल्क्यो मैत्रेयीमुवाच - मैत्रेयि ! उद्यास्यन् अहम् अस्मात् स्थानादस्मि । ततस्तेऽन कात्यायन्या विच्छेदं करवाणि इति । मैत्रेयी उवाच यदीयं सर्वा पृथ्वी वित्तेन पूर्णा स्यात् तत् किं तेनाहममृता स्यामिति। याज्ञवल्क्य उवाच-नेति ।

ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ।

सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम् ।।

अथवा

भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाणभारती ।

तस्या हि मधुरं काव्यं तस्मादपि सुभाषितम् ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) आँखों पर परदा पड़ना

(ग) कंगाली में आटा गीला (घ) गागर में सागर भरना

10. (क) निम्नलिखित शब्दों सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प के का चयन कीजिए-

(i) 'महर्षि' का सन्धि-विच्छेद है-

(अ) मह + र्षिः (ब) म + हर्षि:    (स) महा + ऋषिः (द) महा + रिषिः

(ii) 'हिमालय' का सन्धि-विच्छेद है-

(अ) हिमा + लय: (ब) हि + मालय: (स) हिमा + आलय: (द) हिम + आलय

(iii) 'रमेश' का सन्धि-विच्छेद है-

(अ) रम + एश: ( ब ) रम + इश:  (स) रमा + एश: (द) रमा + ईश:

(ख) निम्नलिखित शब्दों की 'विभक्ति' और 'वचन के अनुसार चयन कीजिए-

(i) 'आत्मने' में विभक्ति और वचन है-

(अ) द्वितीया, बहुवचन (ब) चतुर्थी, एकवचन (स) षष्ठी, द्विवचन (द) सप्तमी, द्विवचन

(ii) 'नामुस' में विभक्ति और वचन है-

(अ) तृतीया, एकवचन (ब) द्वितीया, बहुवचन    (स) पञ्चमी, द्विवचन  (द) सप्तमी, बहुवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए-

( i ) अनल-अनिल-

(अ) पृथ्वी और आकाश (ब) अग्नि और वायु (स) जल और वायु (द) पानी और आग

(ii) कपट- कपाट-

(अ) कप और प्लेट (ब) किवाड़ और खिड़की ( स ) धोखा और दरवाजा (द) पर्दा और किवाड़

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए-

(अ) अलि (ब) गुरु (स) जलज

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए-

(i) जिसकी कल्पना न की जा सके।

(अ) अकल्पनीय (ब) कल्पनारहित (स) कल्पनहीन (द) कल्पनायुक्त

(ii) जिसके शत्रु का जन्म ही न हुआ हो।

(अ) शत्रुहीन (स) मित्रवान (ब) अजातशत्रु (द) श्रेष्ठ मनुष्य

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(अ) मैं स्वयं अपने आप आपके पास आ रहा हूँ।

(ब) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

(स) डाल में चिडिया बैठी है।

(द) तुलसीदास ने अनेकों ग्रंथ लिखे।

12. (क) 'करूण' अथवा 'हास्य रस के स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) 'अनुप्रास' अथवा 'यमक' अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) 'दोहा' अथवा 'चौपाई छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए |

13. अपने जनपद के किसी विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्य करने के लिए विद्यालय प्रबन्धक के नाम अपना आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मुहल्ले में फैली गन्दगी की सफाई कराने हेतु नगरपालिका अध्यक्ष को एक शिकायती पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर उनकी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए-

(क) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(ख) मेरा प्रिय कवि

(ग) पर्यावरण प्रदूषण समस्या और समाधान

(घ) जीवन में खेलकूद की आवश्यकता